भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.546**
06 फरवरी, 2024 को उत्तर देने के लिए

## पीएमकेएसवाई के अंतर्गत ऑपरेशन ग्रीन्स योजना का प्रभाव

**546. श्री राजेन्द्र धेडया गावित:**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(क)** प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत शुरू की गई ऑपरेशन ग्रीन्स (ओजी) योजना विशेषकर इसमें शामिल उत्पादों और प्रदान की गई वित्तीय सहायता के संदर्भ में राज्य-वार प्रभाव का ब्यौरा क्या है; और

**(ख)** क्या इसका अन्य खाद्य उत्पादों में और विस्तार करने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

**(क):** खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) वर्ष 2018-19 से प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना के तहत एक केंद्रीय क्षेत्र योजना- "ऑपरेशन ग्रीन्स" (ओजी) कार्यान्वित्त कर रहा है, जिसका उद्देश्य किसानों की मूल्य प्राप्ति को बढ़ाना और फसल कटाई के बाद के नुकसान को कम करना है। योजना के दीर्घकालिक हस्तक्षेप घटक के तहत, 2457.49 करोड़ ₹ की कुल परियोजना लागत के लिए 634.59 करोड़ ₹ की अनुदान सहायता के साथ चिन्हित उत्पादन समूहों में पात्र फसलों के लिए देश भर में 53 परियोजनाओं को अनुमोदित किया गया है। ओजी योजना के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

**(ख):** 15 वें वित्तीय आयोग चक्र (2021-26) के दौरान, ओजी - दीर्घकालिक हस्तक्षेप योजना का दायरा तीन फसलों अर्थात् टमाटर, प्याज और आलू (टॉप) से बढ़ाकर 22 शीघ्र खराब होने वाली फसलों अर्थात् आम, केला, सेब, अनानास, संतरा, अंगूर, आंवला, अनार, अमरूद, लीची, टमाटर, प्याज, आलू, हरी मटर, गाजर, फूलगोभी, बीन्स, लौकी परिवार {लोकी, करेला, तुरई, परवल और पेठा}, भिंडी, लहसुन, अदरक और झींगा, तक कर दिया गया है।

******

**अनुबंध**

**'पीएमकेएसवाई के अंतर्गत ऑपरेशन ग्रीन्स योजना के प्रभाव' के संबंध में दिनांक 06.02.2024 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 546 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**ऑपरेशन ग्रीन्स योजना-दीर्घकालिक हस्तक्षेप के तहत अनुमोदित परियोजनाओं का राज्यवार विवरण**

| क्र. सं. | राज्य | परियोजनाओं की संख्या | कुल परियोजना लागत (करोड़ ₹) | पात्र अनुदान (करोड़ ₹) | प्रति वर्ष प्रसंस्करण क्षमता (एमटी) | परिरक्षण क्षमता (एमटी) | रोजगार सृजन | लाभान्वित होने वाले किसानों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **आंध्र प्रदेश** | | | | | | | |
| | आम | 3 | 117.0554 | 40.87 | 103040 | 5140 | 2100 | 53350 |
| | टमाटर | 1 | 109.99 | 48.82 | 90000 | 19150 | 1350 | 15000 |
| | झींगा | 13 | 793.71 | 135 | 124500 | 35521 | 25436 | 8790 |
| | **उप योग** | **17** | **1020.755** | **224.69** | **317540** | **59811** | **28886** | **77140** |
| | | | | | | | | |
| 2 | **असम** | | | | | | | |
| | अनानास और अदरक | 1 | 28.53 | 7.4 | 5640 | - | 879 | 1800 |
| | **उप योग** | **1** | **28.53** | **7.4** | **5640** | **0** | **879** | **1800** |
| | | | | | | | | |
| 3 | **गुजरात** | | | | | | | |
| | केला | 1 | 50 | 10 | 9600 | 7921 | 524 | 50000 |
| | प्याज | 3 | 159.07 | 35.19 | 133800 | 13130 | 1539 | 8684 |
| | आलू | 3 | 286.86 | 60.87 | 132480 | 24836 | 45067 | 7450 |
| | टमाटर | 1 | 18.5 | 4.51 | 9600 | 30 | 2458 | 2100 |
| | **उप योग** | **8** | **514.43** | **110.57** | **285480** | **45917** | **49588** | **68234** |
| | | | | | | | | |
| 4 | **हिमाचल प्रदेश** | | | | | | | |
| | सेब | 3 | 51.915 | 19.5119 | 36120 | 8470 | 1850 | 10600 |
| | **उप योग** | **3** | **51.915** | **19.5119** | **36120** | **8470** | **1850** | **10600** |
| | | | | | | | | |
| 5 | **कर्नाटक** | | | | | | | |
| | टमाटर | 1 | 26.8744 | 9.946 | 23680 | 7000 | 354 | 2000 |
| | **उप योग** | **1** | **26.8744** | **9.946** | **23680** | **7000** | **354** | **2000** |
| | | | | | | | | |
| 6 | **मध्य प्रदेश** | | | | | | | |
| | अमरूद | 1 | 29.3 | 7.32 | 15840 | 5050 | 315 | 1500 |

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मिश्रित | 1 | 36.7 | 15 | 34560 | 4480 | 750 | 2000 |
| | **उप योग** | **2** | **66** | **22.32** | **50400** | **9530** | **1065** | **3500** |
| | | | | | | | | |
| **7** | **महाराष्ट्र** | | | | | | | |
| | केला | 1 | 54.67 | 14.86 | 24000 | 11000 | 620 | 2000 |
| | नारंगी | 1 | 35.09 | 10 | 22720 | 2500 | 500 | 500 |
| | आम | 2 | 98.55 | 27.28 | 42400 | 27000 | 595 | 4000 |
| | प्याज | 3 | 142.55 | 65.4 | 189664 | 28800 | 13217 | 13800 |
| | मिश्रित | 3 | 64.637 | 21.5 | 41808 | 6000 | 4130 | 135500 |
| | **उप योग** | **10** | **395.497** | **139.04** | **320592** | **75300** | **19062** | **155800** |
| | | | | | | | | |
| **8** | **पंजाब** | | | | | | | |
| | मिश्रित | 1 | 45.29 | 9.84 | 24000 | 4780 | 200 | 650 |
| | **उप योग** | **1** | **45.29** | **9.84** | **24000** | **4780** | **200** | **650** |
| | | | | | | | | |
| **9** | **राजस्थान** | | | | | | | |
| | लहसुन | 1 | 20.21 | 9.43 | 16000 | 0 | 121 | 1000 |
| | **उप योग** | **1** | **20.21** | **9.43** | **16000** | **0** | **121** | **1000** |
| | | | | | | | | |
| **10** | **तमिलनाडु** | | | | | | | |
| | आंवला | 1 | 10.5 | 2.8 | 3200 | 0 | 120 | 100 |
| | केला | 3 | 58 | 28.1325 | 42750 | 4620 | 2130 | 2000 |
| | **उप योग** | **4** | **68.5** | **30.9325** | **45950** | **4620** | **2250** | **2100** |
| | | | | | | | | |
| **11** | **उत्तर प्रदेश** | | | | | | | |
| | आलू | 3 | 124.98 | 28.81 | 80640 | 3000 | 3463 | 13500 |
| | मिश्रित | 2 | 94.51 | 22.1 | 48000 | 12090 | 3880 | 1750 |
| | **उप योग** | **5** | **219.49** | **50.91** | **128640** | **15090** | **7343** | **15250** |
| | | | | | | | | |
| | **कुल** | **53** | **2457.492** | **634.5904** | **1254042** | **214518** | **111598** | **338074** |